प्रेसनोट, दिनांक 25.09.2025
थाना कोतवाली सदर, जनपद उन्नाव ।

# फ्रॉड की गयी 12,000/- रू0 की सम्पूर्ण धनराशि कराई गयी रिफण्ड

**पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर की साइबर टीम पुलिस द्वारा यूपीआई के माध्यम से फ्रॉड की गयी 12,000/- रू0 की सम्पूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में कराई गयी रिफण्ड।**

**संक्षिप्त विवरणः-** थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव पर आवेदिका ऋतु पाण्डेय पत्नी धीरज पाण्डेय निवासी गांधीनगर थाना कोतवाली सदर उन्नाव द्वारा आनलाइन साइबर पोर्टल पर प्रार्थना पत्र दिनांक 11.09.2025 को यूपीआई के माध्यम से 2,000 /- रू0 का फ्राड होने विषयक होने विषयक दिया गया था तथा आवेदक तंगदुज चौधरी निवासी पुलिस लाइन के पास थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव द्वारा आनलाइन साइबर पोर्टल पर प्रार्थना पत्र दिनांक 14.09.2025 को यूपीआई के माध्यम से 10,000/- रू0 का फ्राड होने विषयक दिया गया था। जिस पर थाना कोतवाली सदर साइबर टीम उन्नाव द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुये दिनांक 24.09.2025 को पीडित उपरोक्त की फ्रॉड की गयी 12,000/- रूपये की सम्पूर्ण धनराशि आवेदकों के खाते मे रिफण्ड करायी गयी।

## कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार कुशवाहा
2. अपराध निरीक्षक राजेश कुमार
3.महिला आरक्षी सोनिया शर्मा